देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित

www.page3news.in

नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 298 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए


# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 9 मार्च 2025

**विचार–प्रवाह...**

कड़ी कानूनी कार्रवाई अनिवार्य





मौसम अधिकतम 26.0° न्यूनतम 15.0°

82924.41

2 भगवान को जानने का सूत्र गणित में

7 भारतीय टीम को पता है उसकी कीमत

# मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति: पीएम

## नवसारी में लखपति दीदियों से प्रधानमंत्री मोदी ने किया संवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नवसारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के नवसारी में लखपति दीदियों से संवाद किया। पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर वानसी बोरसी गांव में 25,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की 2.5 लाख से अधिक महिलाओं को 450 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता वितरित की। संवाद के बाद पीएम मोदी ने रोड शो भी किया। नवसारी में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं–बहनों का आशीर्वाद है, मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। माताओं–बहनों का आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी ताकत है, मेरी पूंजी है और मेरा सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। नारी का सम्मान विकसित भारत की पहली सीढ़ी है।

इस बातचीत के दौरान, लखपति दीदियों ने प्रधानमंत्री के साथ अपनी कहानियां साझा कीं और पीएम मोदी ने सामाजिक और आर्थिक रूप से अन्य महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान पीएम ने कहा, चाहे राजनीति हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या पुलिस, महिलाएं देश के हर क्षेत्र और आयाम में परचम लहरा रही हैं। 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। 2014 के बाद से केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिलाएं मंत्री बनी हैं और संसद में भी महिलाओं की मौजूदगी में बड़ी बढ़ोतरी हुई है।

मोदी ने कहा, आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रोल आर्मी मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं। मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद लगातार बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यहां गुजरात सफल और गुजरात मैत्री, इन दो योजनाओं का शुभारंभ भी हुआ है। अनेक योजनाओं के पैसे भी महिलाओं के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए गए हैं।

### तीन तलाक और अनुच्छेद 370 पर

प्रधानमंत्री ने कहा मुस्लिम महिलाओं की मांग थी कि उन्हें सुरक्षा दी जाए तो मुस्लिम महिला (शादी में सुरक्षा का अधिकार) कानून, 2019 के तहत उनकी जिंदगी को बर्बाद होने से बचाया गया। जब कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू था तो वहां महिलाओं को कई अधिकारों से वंचित रखा गया था। अब उन्हें भी देश की अन्य महिलाओं की तरह समान अधिकार हैं।



### तीन करोड़ महिलाएं घर की मालकिन बनीं

पीएम मोदी ने कहा कि श्हम सबको ये देखकर गर्व होता है कि आज दुनिया में सबसे बड़ी संख्या में महिला पायलट, हमारे भारत में हैं। ये नारीशक्ति के सामर्थ्य का ही उदाहरण है। राजनीति का मैदान हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या फिर पुलिस, देश के हर सेक्टर में, हर आयाम में महिलाओं का परचम लहरा रहा है। 2014 के बाद से अब तक करीब 3 करोड़ महिलाएं घर की मालकिन बन चुकी हैं। आज पूरी दुनिया में जल जीवन मिशन की भी बड़ी चर्चा है। जल जीवन मिशन के जरिए आज देश के गांव–गांव में पानी पहुंच रहा है। गांधी जी कहते थे कि देश की आत्मा ग्रामीण भारत में बसती है।

### सुरक्षा की कमान महिला पुलिस अधिकारी के हाथों में

नवसारी के वानसी–बोरसी में हुए कार्यक्रम में सभी व्यवस्थाएं महिला पुलिस कर्मी व कर्मचारियों के हवाले रहीं। कुल 2,165 कांस्टेबल, 187 इंस्पेक्टर, 61 सब–इंस्पेक्टर, 19 डीएसपी, पांच डीएसपी, एक पुलिस महानिरीक्षक और एक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रैंक की अधिकारियों ने पीएम मोदी के पूरे कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभाली। सरकारी सूत्रों के मुताबिक यह कार्यक्रम पुलिसिंग के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर है, क्योंकि कानून और व्यवस्था के सभी पहलुओं के साथ–साथ कार्यक्रम की व्यवस्था महिला पुलिस अधिकारी के हाथों में रही।

## संक्षिप्त समाचार

### अकबर और औरंगजेब कभी हमारे नायक नहीं: योगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ग्रेटर नोएडा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए जनता को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के बलिदान और राष्ट्रभक्ति की मिसाल को याद करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप ने स्वदेश और स्वधर्म की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि अकबर और औरंगजेब कभी भी भारत के नायक नहीं हो सकते।

### पीएम मोदी का वादा झूठा निकला: आतिशी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला समृद्धि योजना को लेकर आप ने भाजपा पर निशाना साधा। पार्टी ने दावा किया कि पीएम मोदी का वादा झूठा निकला। आतिशी ने कहा कि दिल्ली की महिलाएं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाएं 2,500 रुपये के संदेश का इंतजार करती रही।

# दिल्ली में लागू हुई महिला समृद्धि योजना

## कैबिनेट की मंजूरी, हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये देने वाली 'महिला समृद्धि योजना' लागू हो गई है। इसका ऐलान शनिवार को महिला दिवस के मौके पर जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली कैबिनेट से इस योजना को मंजूरी मिल गई है। यह दिल्ली में तुरंत लागू होगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम में आने से पहले कैबिनेट बैठक में योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये की निधि को मंजूरी दी है। योजना का ऐलान हो चुका है, हालांकि रजिस्ट्रेशन की आधिकारिक तारीख का ऐलान नहीं किया है लेकिन माना जा रहा है कि जल्द ही इसकी घोषणा हो सकती है।

दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आज महिला दिवस का सुंदर अवसर है। इसे ध्यान में रखते हुए कैबिनेट बैठक में महिला समृद्धि योजना जिसका हमने वादा किया था उसे अप्रूव कर दिया है।

सरकार ने योजना के लिए बजट में 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। दिल्ली की गरीब बहनों को योजना का लाभ मिले इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी की मैं अध्यक्ष हूं। इसमें और कपिल मिश्रा, आशीष सूद और प्रवेश वर्मा भी हैं। जल्द ही एक पोर्टल लॉन्च किया जाएगा।

योजना से संबंधित टर्म्स एंड कंडीशन जारी करेंगे। महिलाओं की सुरक्षा और समृद्धि दोनों सरकार करेगी। दिल्ली में 21–60 वर्ष आयु वर्ग की वे महिलाएं जिनकी वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है, उन्हें योजना प्रस्ताव के तहत 2,500 रुपये की मासिक सहायता मिलेगी।

### 17–18 लाख महिलाओं को मिलेगा लाभ

दिल्ली में योजना का लाभ 17–18 लाख महिलाओं को मिलेगा। एक परिवार की एक ही महिला इसकी पात्र होंगी। उम्मीद है कि अप्रैल से लाभार्थी महिलाओं को पैसे मिलने लगेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजना का ड्राफ्ट बना लिया है। दिल्ली चुनाव के दौरान भाजपा ने महिलाओं को 2500 रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी। सरकार गठन के बाद इसे लेकर काम शुरू हो गया था। सीएम रेखा ने कैबिनेट की पहली बैठक में इसपर चर्चा की थी।

# कांग्रेस में कई बब्बर शेर, लेकिन चेन से बंधे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। गुजरात दौरे पर गए राहुल गांधी ने अपनी ही पार्टी पर जमकर हमला बोला है। यहां तक की कई नेताओं को भाजपा की बी–टीम तक करार दिया। एक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि कांग्रेस में कई बब्बर शेर हैं, लेकिन सभी चेन से बंधे हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आगे कहा कि गुजरात अटक गया है, उसे रास्ता नहीं दिख रहा है, गुजरात आगे बढ़ना चाहता है। राहुल ने कहा, मैं कांग्रेस पार्टी का सदस्य हूं और मैं कह रहा हूं कि गुजरात की कांग्रेस पार्टी उसे रास्ता दिखाने में असमर्थ है और मैं शर्म से नहीं बोल रहा हूं, मैं डर से नहीं बोल रहा हूं, मैं आपके सामने यह रखना चाहता हूं कि चाहे हमारे कार्यकर्ता हों, चाहे राहुल गांधी हों, चाहे हमारे महासचिव हों, चाहे हमारे पीसीसी अध्यक्ष हों, हम गुजरात को रास्ता दिखाने में असमर्थ हैं। राहुल गांधी ने अपने नेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कई बड़े नेता जो अलग–अलग स्तर पर अध्यक्ष बने बैठे हैं, चाहे जिला अध्यक्ष हो, ब्लॉक अध्यक्ष हो, उनमें दो तरह के नेता हैं।

दूसरी तरह के नेता वो हैं, जो जनता से कटे हुए हैं, जनता के मुद्दों के बारे में उनको कुछ भी पता नहीं है, जनता के बीच जाते नहीं हैं और इनमें से भी आधे ऐसे हैं, जो भाजपा के लिए काम करते हैं।

### संकेत

■गुजरात कांग्रेस पर भड़के राहुल गांधी

### बड़े परिवर्तन के संकेत दिए

राहुल गांधी ने पार्टी संगठन में बड़े परिवर्तन का संकेत देते हुए कहा कि 10 से लेकर 40 नेताओं को पार्टी से बाहर करना पड़े तो कर देना चाहिए। कांग्रेस पार्टी रेस के घोड़े को बारात में लगा देती है और जो बारात के घोड़े होते हैं, उनके रेस में दौड़ा दिया जाता है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आईसीसी खिताब से एक कदम दूर भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■आज होगा फाइनल में न्यूजीलैंड और भारत के बीच मुकाबला

नई दिल्ली। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम लगातार दूसरे आईसीसी खिताब से एक कदम दूर है। भारत का सामना चौंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में आज न्यूजीलैंड से होगा। भारत ने इस टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और लगातार चार मैच जीतकर खिताबी मुकाबले के लिए क्वालिफाई किया है। टीम इंडिया ने पिछले साल टी20 विश्व कप का खिताब जीता था और अब टीम दूसरे आईसीसी खिताब जीतने के करीब है।

भारत इस मैच में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगै, लेकिन कीवी टीम को भी कम नहीं आंका जा सकता। दुबई में लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने चार में से तीन मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज की है। भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है।

आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूजीलैंड का उसके खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 10–6 का है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ चार में से तीन मुकाबले जीते हैं।

# भगवान को जानने का सूत्र सितारों में नहीं, गणित में

रिपोर्ट

## हार्वर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक ने किया भगवान को खोजने का दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। दुनिया में दर्जनों धर्म हैं और हर धर्म में अलग अलग भगवान हैं। लेकिन अब हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक वैज्ञानिक, जो एक खगोलशास्त्री और एयरोस्पेस इंजीनियर हैं, उन्होंने भगवान को खोजने वाला फॉर्मूला बनाने का दावा किया है। डॉ. विली सून ने एक अभूतपूर्व खुलासा करते हुए दावा किया है कि एक गणितीय सूत्र ईश्वर के अस्तित्व का प्रमाण सामने लाता है। उन्होंने दावा किया है कि भगवान वास्तव में हैं और एक सूत्र से उनके होने की पुष्टि होती है। टकर कार्लसन नेटवर्क से बात करते हुए प्रसिद्ध वैज्ञानिक ने अपना सूत्र दुनिया के सामने पेश किया है। इस दौरान उन्होंने सुझाव दिया है कि ब्रह्मांड के रहस्य सिर्फ सितारों में ही नहीं लिखे जा सकते हैं, बल्कि वो गणित की थ्योरी में भी लिखी जा सकती है।

डॉ. विली सून के सिद्धांत के केन्द्र



में फाइन ट्यूनिंग तर्क है। इसे अगर सरल शब्दों में समझें तो यह सुझाव देता है कि ब्रह्मांड के भौतिक नियम जीवन को सहारा देने के लिए इतने सटीक रूप से कैलिब्रेट किए गए हैं, कि यह सिर्फ संयोग से नहीं हो सकता। रिपोर्ट के मुताबिक भगवान को खोजने वाले इस सूत्र को सबसे पहले कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के गणितज्ञ पॉल डिराक ने प्रस्तावित किया था। जिसमें उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला था, कि कैसे कुछ ब्रह्मांडीय स्थिरांक आश्चर्यजनक सटीकता के साथ एक दूसरे के साथ मिले होते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी घटना है, जिसने दशकों से वैज्ञानिकों को हैरान कर रखा है।

गणितज्ञ पॉल डिराक ने अनुमान लगाया है कि ब्रह्मांड के भौतिक नियमों का सही संतुलन गणितीय सिद्धांत को आधार बनाकर उसका विश्लेषण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसे समझने के लिए किसी के पास काफी ज्यादा बुद्धि और सोचने समझने की ताकत होनी चाहिए। पॉल डिराक ने साल 1963 में अपनी किताब में लिखा था कि शायद इस स्थिति का वर्णन यह कहकर किया जा सकता है कि ईश्वर एक बहुत बड़े गणितज्ञ हैं। उन्होंने ब्रह्मांड के निर्माण में बहुत एडवांस गणित का उपयोग किया है। आपको बता दें कि डिराक को एंटीमैटर का जनक माना जाता है। उन्होंने 1932 में वास्तव में इसकी पुष्टि होने से पहले ही एक गलती से इसका अस्तित्व खोज लिया था।

डॉ. सून ने भी पॉडकास्ट में भगवान के अस्तित्व के बारे में अपनी बात समझाने के लिए डिराक की थ्योरी का हवाला दिया है। उन्होंने कहा कि हमेशा मौजूद रहने वाली शक्तियों के बहुत सारे उदाहरण हैं जो हमें अपने जीवन को रोशन करने लायक बनाते हैं। कई वैज्ञानिक धर्म को विज्ञान से जोड़ने की बात से कतराते हैं, लेकिन डॉ. सून ने तर्क दिया है कि गणित और ब्रह्मांड के बीच के संबंध को जानने से पता चलता है कि इसे एक निश्चित पैटर्न पर जानबूझकर डिजाइन किया गया है।

## न्यूज डायरी




### भारत अपने टैरिफ में कटौती के लिए सहमतः राष्ट्रपति डोनाल्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की टैरिफ व्यवस्था पर हमला करते हुए कहा कि उच्च टैरिफ के कारण भारत को कुछ भी बेचना लगभग असंभव है। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि भारत अपने टैरिफ में उल्लेखनीय कटौती करने के लिए सहमत हो गया है। कथित तौर पर इसलिए क्योंकि आखिरकार कोई उनके किए की पोल खोल रहा है। व्हाइट हाउस से राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित अपने संबोधन में ट्रंप ने उन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया, जिन्हें उनका प्रशासन जल्द ही लागू करने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हम पर भारी शुल्क लगाता है। भारी शुल्क। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। वैसे, वह कटौती के लिए सहमत हो गया है। वह अब अपने शुल्कों में कटौती करना चाहता है, क्योंकि कोई तो उनके किए की पोल खोल रहा है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कनाडा और मेक्सिको को क्षेत्रीय मुक्त व्यापार समझौते के अनुरूप वस्तुओं पर अपने नए 25 प्रतिशत टैरिफ से छूट दी है, क्योंकि वह आटो निर्माताओं की मदद करना चाहते थे। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यह छूट एक अल्पकालिक उपाय है और समय के साथ टैरिफ बढ़ सकता है। ट्रंप ने कहा, मुझे लगा कि ऐसा करना उचित होगा और इसलिए मैंने उन्हें इस छोटी अवधि के लिए थोड़ी छूट दी। प्रेट्र के अनुसार, ओवल ऑफिस में कुछ कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करते हुए ट्रंप ने इस बात को दोहराया कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर पारस्परिक टैरिफ दो अप्रैल से लागू होंगे। आगे कहा कि दो अप्रैल को हम एक बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं।

### अमेरिका के ब्रेड सिगमन को फायरिंग स्क्वायड ने दी सजा–ए–मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के साउथ कैरोलिना में ब्रैड सिगमोन नाम के कैदी को फायरिंग स्क्वाड से मौत की सजा दी है। अमेरिका में बीते 15 वर्षों में यह पहला मामला है, जब मौत की सजा पाए किसी कैदी की जान लेने के लिए फायरिंग दस्ते का इस्तेमाल हुआ है। शुक्रवार शाम करीब 6 बजे फायरिंग स्क्वायड की तीन सदस्यीय टीम ने 67 साल के सिगमोन के सीने पर गोलियां चलाईं। एक के बाद एक तीन गोली लगने से सिगमोन की कुछ सेकंड के अंदर ही मौत हो गई। अमेरिका में मौत की सजा देने के लिए अपनाया गया ये मामला दुनियाभर में चर्चा में है।

ब्रैड सिगमोन लंबे समय से जेल में बंद था। उसे साल 2001 में अपनी पूर्व प्रेमिका के माता–पिता डेविड और ग्लेडिस लार्क की हत्या का दोषी पाया गया था। उसने बेसबॉल के बल्ले से उनकी हत्या की थी। उसने पूर्व प्रेमिका का अपहरण कर उसकी जान लेने की कोशिश की थी। सिगमोन ने पूर्व प्रेमिका पर भी गोली चलाई थी लेकिन वह किसी तरह से भागने में कामयाब रही। इस मामले में कोर्ट ने सिगमोन को मौत की सजा सुनाई थी। अमेरिका के साउथ कैरोलिना में मौत की सजा के तीन तरीके हैं। फायरिंग स्क्वाड गोली मारकर, इलेक्ट्रिक चेयर पर करंट लगाकर और जहरीला इंजेक्शन देकर जान ली जाती है। सिगमन ने खुद के लिए फायरिंग स्क्वाड से मौत की सजा पाना चुना था।

### सीरिया में दो महीने की शांति के बाद फिर गृहयुद्ध शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दमिश्क। सीरिया में फिर अशांति लौट आई है। करीब दो महीने तक अमन चैन का माहौल रहा। इन दो महीनों में ऐसा लगा कि सालों से गृहयुद्ध की आग में जलते इस देश में शायद अब सामान्य जीवन शुरू होगा। लेकिन देश में फिर से युद्ध शुरू हो चुका है। हिंसक झड़पें शुरू हो गई हैं। राष्ट्रपति बशर अल–असद सत्ता से बेदखल होने के करीब 2 महीने के बाद फिर से लड़ने के मूड में आ गये हैं। रूस में बैठा इस तानाशाह ने सीरिया में बुझ रही आग को फिर धधका दिया है। सीरिया में ताजा हिंसा देश के उत्तर–पश्चिम में अलावी समुदाय के लोगों के गढ़ में भड़की है, जहां सुरक्षा बलों ने राष्ट्रपति असद समर्थकों को खोजने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। अभी तक आधिकारिक तौर पर 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों की संख्या और भी ज्यादा होने की आशंका है। जान गंवाने वालों में सीरिया की नई सरकार के दर्जनों अधिकारी और सैनिक शामिल हैं।

## ट्रंप प्लान के खिलाफ मिस्र ने तैयार की योजना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** जेद्दा। ट्रंप के गाजा प्लान को अरब देशों से चुनौती मिल रही है। इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा पर कब्जा करने की योजना के खिलाफ अरब लीग के प्रस्ताव का समर्थन किया।

सऊद अरब के जेद्दा में एक आपातकालीन बैठक में इस प्रस्ताव का समर्थन किया गया। इससे तीन दिन पहले काहिरा में एक शिखर सम्मेलन में गाजा के पुनर्निर्माण मिस्र ने एक योजना पेश की थी, जिसे अरब देशों का समर्थन मिला।

मिस्र की यह योजना 53 अरब डॉलर की है। इसके पूरा होने में पांच साल का समय लगेगा। इसमें गाजा वासियों को घर बनाकर दिए जाएंगे। इसके अलावा इस योजना में अस्पताल, पार्क और हवाई अड्डा बनाने की भी बात कही गई है। इस योजना के तहत गाजा पट्टी के लोग गाजा में ही रहेंगे। उन्हें गाजा छोड़कर कहीं और जाने की जरूरत नहीं रहेगी।

हाल ही में ट्रंप ने गाजा को मिडिल ईस्ट का रिवेरा यानी मध्य पूर्व की सबसे खूबसूरत जगह बनाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि गाजा के पुनर्निर्माण के लिए फलस्तीनियों को वहां से कहीं और पलायन करना होगा। ट्रंप की इस बात ने मध्य पूर्व में हलचल पैदा कर दी।



### हो गया जेफ बेजोस-लॉरैन सांचेज की तारीख का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेजन के फाउंडर और दुनिया के सबसे अमीर इंसान जेफ बेजोस जल्द ही अपनी मंगेतर लॉरेन सांचेज के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। पिछले दो साल पहले दोनों ने सगाई की थी। पिछले साल अटकलें लगाई गई कि दोनों मई महीने में शादी के बंधन में बंध सकते हैं, फिर दिसंबर में भी शादी की बात सामने आई थी। हालांकि, शादी की तैयारी अभी भी जारी है। जानकारी के मुताबिक, शादी इस साल गर्मी के मौसम में होने वाली है, लेकिन अभी तारीख का एलान नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक, मेहमानों को जल्द निमंत्रण पत्र मिलने वाले हैं। इस शाही शादी के लिए पिछले कुछ महीनों से जोरों शोरों से तैयारियां चल रही है। दोनों की यूरोप में डेस्टिनेशन वेडिंग हो सकती है।

## पाकिस्तान में मुफ्ती शाह मीर की गोलियां बरसाकर हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान के तुर्बत में अज्ञात बंदूकधारियों ने मुफ्ती शाह मीर की गोली मारकर हत्या कर दी। शाह मीर पर उस वक्त हमला हुआ, जब वह नमाज पढ़कर के बाद मस्जिद से बाहर आ रहा था। इसी दौरान हमलावरों ने उस पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। शाह को गंभीर हालत में तुर्बत के अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। स्थानीय पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और हमलावरों की तलाश के लिए ऑपरेशन शुरू किया गया है। अभी तक इस हत्या के पीछे का मकसद पता नहीं चल सका है।

पाकिस्तान की मीडिया ने मुफ्ती

■आईएसआई से रिश्ते, कुलभूषण जाधव के अपहरण का था आरोप

शाह मीर को तुर्बत और बलूचिस्तान का जानामाना धार्मिक विद्वान बताया है। शाह को पाकिस्तान के नेशनल असेंबली के मेंबर और सीनियर नेता मौलाना फजलुर्रहमान का करीबी माना जाता था। दूसरी ओर ये दावा भी किया जाता है कि शाह पर बलूचिस्तान में आतंक को बढ़ावा देने के आरोप थे। वह पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट के तौर पर काम करता था। आईएसआई के एजेंट के तौर पर भारत के नेवी अफसर कुलभूषण जाधव को ईरान से अगवा कर पाकिस्तान लाने में भी उसका हाथ होने का दावा किया जाता है।

पाकिस्तान के अखबार डॉन के मुताबिक, शाह रात की नमाज के बाद जब मस्जिद के बाहर आ रहा था तो मोटरसाइकिल सवार हथियारबंद लोगों ने गोलियां चला दीं। इस हमले में मीर को कई गोलियां लगीं। रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार देर रात अज्ञात हथियारबंद हमलावरों की गोली का शिकार हुए शाह मीर पर पहले भी दो बार जानलेवा हमला हो चुका था। हालांकि पहले दोनों मौकों पर उसकी जान बच गई थी।

पाकिस्तान का बलूचिस्तान प्रांत काफी समय अशांत है। बलूचिस्तान में आतंकी हमले और टारगेट किलिंग पुलिस और सरकार के लिए चुनौती बन रहे हैं। हालिया समय में इसमें बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। पाकिस्तान के सुरक्षाबलों पर बलूचिस्तान में लगातार हमले हुए हैं।

### ट्रंप के सामने विदेश मंत्री से ही भिड़ गए एलन मस्क


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद एलन मस्क को कई बड़ी जिम्मेदारियां मिली हैं। उन्हें ट्रंप का राइट हैंड तक कहा जाता है और इसको लेकर सरकार के अंदर ही भतभेद होते रहते हैं। ऐसा ही नजारा उस समय देखने को मिला जब व्हाइट हाउस में एक हाईलेवल मीटिंग के दौरान एलन मस्क डोनाल्ड ट्रंप के सामने ही अपने विदेश मंत्री मार्को रुबियो से भिड़ गए। दरअसल, ट्रंप सरकार जब से आई है अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार कड़े फैसले लेते जा रहे हैं। ऐसा ही एक फैसला स्टाफ में कटौती का है। अमेरिकी राजकर्मियों के संगठन समेत कई लोग इसका विरोध भी कर चुके हैं। अब इसी फैसले के चलते एलन मस्क और विदेश मंत्री में बहस हुई।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# हर क्षेत्र में महिलाएँ आगे बढ़ कर देश का कर रही नेतृत्वः सीएम

**सम्मान**

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को आईआरडीटी ऑडिटोरियम, देहरादून में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। जिसमें सुश्री रेशमा शाह, सुश्री भारती, पार्षद अंजना रावत, श्रीमती बीना, श्रीमती रेखा पांडे, श्रीमती ममता, श्रीमती सरिता पंवार सहित अन्य कई महिलाएं शामिल रहीं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान महिला सारथी (पायलट प्रोजेक्ट) के तहत महिला ड्राइवरों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति, खेल, विज्ञान, सेना, कृषि उद्योग जैसे हर क्षेत्र में महिलाएँ आगे बढ़ कर देश का नेतृत्व कर रही हैं। उत्तराखंड राज्य की महिलाओं में विशेष प्रकार का आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता है, महिलाओं में कौशल और परिश्रम में कोई कमी नहीं है। राज्य की महिलाएं स्वयं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज को भी सशक्त बना रही हैं। उन्होंने कहा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सबसे बड़ा योगदान महिलाओं का होगा। राज्य सरकार, प्रदेश की मातृ शक्ति के सशक्तिकरण हेतु भविष्य में भी पूरी दृढ़ता के साथ कार्य करते रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के हितों को आगे रखते हुए देश में सबसे पहले समान नागरिक संहिता लागू उत्तराखंड में किया है। जिसमें महिला सुरक्षा के विशेष प्रावधान किए गए हैं। यह आधी आबादी का पूरा कानून है। उन्होंने कहा लिव इन रिलेशनशिप हमारी संस्कृति का हिस्सा नहीं है। लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले युवाओं की जानकारी उनके माता पिता और प्रशासन के पास होनी आवश्यक है। जिससे किसी भी तरह की घटना से भी बचा जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में मातृशक्ति के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। बीते 11 वर्षों में 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के जन–धन बैंक खाते खोले गए, 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाकर माताओं बहनों के मान–सम्मान की रक्षा सुनिश्चित किया गया है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का कार्य किया जा रहा है। 30 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुद्रा योजना के अंतर्गत लोन देकर सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। देश की संसद में लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण देने का ऐतिहासिक कानून पास किया है।

## न्यूज डायरी

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया एक विचार गोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कांवली रोड पर शनिवार को एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और संचालन आरिफ वारसी ने किया गोष्ठी में महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के उत्थान हेतु कार्य करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि हमें महिलाओं को अबला नहीं समझना चाहिए वह आज हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही है। इस गोष्ठी में आरिफ वारसी, प्रदीप कुकरेती, सुशील विरमानी, प्रभात डंडरियाल,जय बिष्ट, दानिश नूर, अतुल शर्मा, गुलाम मुस्तफा, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कर रही सरकारः चौहान

**संवाददाता** उत्तरकाशी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय के नजदीकी गांव ग्राम सभा बड़ेथी में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान ने समारोह में पहुंचकर महिलाओं को सम्मानित करने के साथ ही सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण को लेकर संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कर रही है। इस मौके पर विधायक सुरेश चौहान ने महिला सशक्तिकरण एवं आज समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को लेकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। अब सरकार ने महिला सारथी योजना का शुभारंभ किया है, जिसके तहत महिलाओं को ड्राइविंग प्रशिक्षण, स्वरोजगार के नए अवसर और परिवहन क्षेत्र में भागीदारी का सुनहरा अवसर मिल रहा है।

### कैलिफोर्निया आमंड्स के साथ इस होली को बनाएं खास और सेहतमंद

**संवाददाता** देहरादून। होली रंगों का त्योहार है,जो खुशियाँ, एकता और हमारी संस्कृति की खूबसूरती लेकर आता है। यह त्योहार वसंत ऋतु के आने की खुशी में और बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग मिलकर गाना गाते हैं,हँसते हैं और स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेते हैं।होली पर गुजिया, मालपुआ जैसी मिठाइयां और ठंडाई, नमकीन जैसे व्यंजन बनाए जाते हैं। खाना इस त्योहार का एक अहम हिस्सा है। लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ज्यादा तला–भुना या मीठा खाने से हमारी सेहत खराब हो सकती है। इसलिए,हमें खाने–पीने में संतुलन बनाए रखना चाहिए। इसके लिए हम होली के व्यंजनों में कैलिफोर्निया आमंड्स जैसे पौष्टिक ड्राईफ्रूट्स शामिल कर सकते हैं।

# कैशलेस इलाज को ईसीएचएस और एम्स ऋषिकेश में एमओयू

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तराखंड के भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को एम्स ऋषिकेश में कैशलेस इलाज मिलेगा। एक्स–सर्विसमैन कॉन्ट्रिब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) के जरिए यह सुविधा दी जाएगी। इसके लिए शनिवार को ईसीएचएस देहरादून और एम्स ऋषिकेश के बीच हुए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उत्तराखंड सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल प्रेमराज, एसएम, वीएसएम और एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. मीनू सिंह ने सहमति पत्रों का आदान–प्रदान किया। उन्होंने राज्य के पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। एमओयू के बाद अब उत्तराखंड में रहने वाले 4.97 लाख से अधिक पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों खासकर राज्य के दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इलाज में लाभ मिलेगा।

पूर्व सैनिक समुदाय के लिए यह सेना का बड़ा प्रयास है। एम्स ऋषिकेश जो अपने अत्याधुनिक चिकित्सा बुनियादी ढांचे और उच्च योग्य विशेषज्ञों के लिए जाना जाता है, अब ईसीएचएस ढांचे के तहत भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को व्यापक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा। समझौते के तहत एम्स ऋषिकेश, ईसीएचएस के पैनल में शामिल होने वाला उत्तराखंड राज्य का पहला सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बन गया है, जिससे अब पूर्व सैनिकों को कैशलेस इलाज की सुविधा आसानी से प्राप्त होगी।



### सीएम ने विभिन्न प्रजातियों के फूलों का किया अवलोकन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में लगाए गए विभिन्न प्रजातियों के फूलों का अवलोकन किया। उन्होंने ट्यूलिप प्रजाति के पुष्पों का भी अवलोकन किया। कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री ने स्वयं ट्यूलिप बल्ब का रोपण किया था। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार बागवानी को निरंतर बढ़ावा दे रही है। राज्य में फूलों की खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कई कृषक, ट्यूलिप प्रजाति के फूलों की बड़े पैमाने पर खेती कर रहे हैं, जिससे उनकी आय बढ़ी है। इन फूलों के डिमांड पूरे देश में है। उन्होंने कहा राज्य में फूलों की खेती की अपार संभावना हैं। जिस पर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

# महिलाओं ने नशे और गंदगी के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम किये आयोजित

**संवाददाता**

पुरोला। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरोला में बुरांस प्रोजेक्ट व ब्रूक इंडिया स्वयं सेवी संस्थाओं के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन के साथ ही जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर धूम धाम से महिला दिवस मनाया। बुरांस प्रोजेक्ट से जुड़ी महिलाओं ने अपनी पारम्परिक परिधानों के साथ शिक्षा,स्वास्थ्य सहित कई सामाजिक बुराइयों के खिलाफ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये वंही दूसरी ओर ब्रूक इंडिया संस्था के बैनर तले नेत्री गांव में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में समाज में फैली कुरीतियों, विशेष रूप से नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और स्वच्छता को लेकर जन जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया।

**जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर धूम धाम से महिला दिवस मनाया**

बुरांस प्रोजेक्ट व ब्रूक इंडिया के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया व संस्था द्वारा महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने गांव में बढ़ती सामाजिक कुरीतियों, घरेलू हिंसा और नशे के खिलाफ एकजुट होकर काम करने के संकल्प के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन कर उत्साह से जश्न मनाया। ब्रूक इंडिया के परियोजना अधिकारी डा राकेश पट्टू व बुरांस संस्था के प्रकाश राज ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने अपनी एकजुटता और संकल्पता से यह साबित कर दिया कि वे समाज की बुराइयों को दूर करने और एक बेहतर भविष्य का निर्माण करने में सक्षम हैं।

कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं ने न केवल नशे और गंदगी के खिलाफ आवाज उठाई, बल्कि यह भी संदेश दिया कि समाज में बदलाव लाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। महिलाओं ने लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश अतिथियों को एक एक हरे पेड़ लगे गमले भेंट कर दिया।

### वरिष्ठ अधिवक्ता मनमोहन कंडवाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर दी शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। स्मॉल–मीडियम–बिग न्यूज पेपर्स सोसाइटी के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ अधिवक्ता मनमोहन कंडवाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। यह सम्मान उन्हें 11वीं बार अध्यक्ष पद संभालने के उपलक्ष्य में दिया गया। स्मॉल–मीडियम–बिग न्यूज पेपर्स सोसाइटी एक प्रेस काउंसिल से सर्टिफाइड संगठन है, जो पत्रकारों और समाचार पत्रों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। पदाधिकारियों ने मनमोहन कण्डवाल को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की और भविष्य में उनके मार्गदर्शन में संगठन को और सशक्त बनाने की उम्मीद जताई। वरिष्ठ अधिवक्ता मनमोहन कण्डवाल का अनुभव संगठन के हित में हमेशा सहायक रहा है।

*सफलता के लिए धैर्य कहो ना उतना ही जरूरी है जितना जीने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत होती है। -अज्ञात*





# कड़ी कानूनी कार्रवाई अनिवार्य

**कड़ी कानूनी कार्रवाई अनिवार्य है, लेकिन मामला सिर्फ कानून व्यवस्था का नहीं है। प्रशासन की साख का भी है। समाज की संवेदनशीलता का भी है। परिवार में लड़कों के पालन-पोषण के तौर-तरीकों का भी है। देश के कोने-कोने से ऐसी छेड़छाड़ की खबरें आती रहती हैं और उससे कहीं ज्यादा के बारे में तो पता भी नहीं चलता।**

राधा यादव।।

महाराष्ट्र के जलगांव से आई एक केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता की नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की खबर न केवल हैरान करती है बल्कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल भी खड़े करती है। राज्य में ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों से भी ऐसी घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। लेकिन महाराष्ट्र वाले मामले में कई ऐसे पहलू हैं, जो व्यवस्था में निहित गंभीर खामियों की ओर संकेत करते हैं।

ध्यान देने की बात है कि बेटी के साथ कथित छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराने केंद्रीय मंत्री खुद थाने पहुंचीं। हालांकि उन्होंने कहा कि वह थाने में मंत्री या सांसद की हैसियत से नहीं बल्कि एक मां के रूप में आई हैं। लेकिन उन्होंने यह सवाल भी किया कि जब एक केंद्रीय मंत्री और सांसद की बेटी के साथ ऐसा हो सकता है तो आम घरों की लड़कियों की क्या दशा होगी।

पुलिस-प्रशासन हालांकि केंद्रीय मंत्री द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद तत्परता से कार्रवाई करते हुए दिख रहा है। लेकिन ध्यान रहे, यह इकलौती घटना नहीं है। दो-तीन दिन पहले भी उस बच्ची के साथ उन्हीं आरोपियों द्वारा छेड़छाड़ किए जाने की बात सामने आई है। आखिर ये कैसे आरोपी हैं जो केंद्रीय मंत्री की बेटी के साथ पुलिस सुरक्षा के बावजूद छेड़छाड़ करते हैं। सवाल है कि पहली घटना के बाद प्रशासन ने सख्त कदम क्यों नहीं उठाया।



मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के मुताबिक ये आरोपी किसी राजनीतिक दल से जुड़े हैं। हालांकि प्रशासन ने तत्काल इस बात की पुष्टि नहीं की है। लेकिन अगर ऐसा हो भी तो यह कोई 'मबनेम' कैसे हो सकता है? आरोपी चाहे जो भी हों, उनके खिलाफ समय पर कानून के अनुरूप कड़ी कार्रवाई की राह में क्या बाधा हो सकती है?

कड़ी कानूनी कार्रवाई अनिवार्य है, लेकिन मामला सिर्फ कानून व्यवस्था का नहीं है। प्रशासन की साख का भी है। समाज की संवेदनशीलता का भी है। परिवार में लड़कों के पालन-पोषण के तौर-तरीकों का भी है। देश के कोने-कोने से ऐसी छेड़छाड़ की खबरें आती रहती हैं और उससे कहीं ज्यादा के बारे में तो पता भी नहीं चलता। ऐसे मामलों को रोकने के लिए कानूनी सख्ती के साथ घर के अंदर भी पहल करनी होगी। लड़कों को कम उम्र से ही बताना होगा कि लड़कियों-स्त्रियों के साथ किस तरह से पेश आना चाहिए।

## पूर्ण सौभाग्य





**अशोक वोहरा।** वशिष्ठ जी ने अपने ग्रन्थ में कहा... 'पारदेश्वर स्थापित्यं सर्व पाप विमुच्चते।' 'सौभाग्यं सिदि्ध प्राप्यन्ते पूर्ण लक्ष्मी नररू अर्थात चाहे व्यक्ति ने कितने ही पाप किये हो, चाहे उसके जीवन में पूर्व जीवन कृत दोष हों चाहे विधाता ने उसके जीवन में पूर्ण सौभाग्य लिखा ही नहीं हो फिर भी यदि वह अपने घर में पारदेश्वर शिवलिंग को स्थापित करता है तो पूर्ण सौभाग्यशाली बन जाता है। एक अन्य स्थान पर महर्षि याज्ञवल्क्य ने भगवान पारदेश्वर के बारे में कहा है 'किं दारिद्रयं दुखरूपाप किं रोग शोकचरू।''पारदेश्वर पदं साक्षात लक्ष्मी पूर्ण सौभाग्य प्राप्यते अर्थात मुझे समझ में नहीं आता है कि मनुष्य के जीवन में दरिद्रता क्यों है। वह दुरूखी संतप्त और पीड़ित क्यों है। उसके जीवन में अभाव व बाधाएं क्यों है जबकि उसके पास आठों संस्कार युक्त पारद से निर्मित भगवान पारदेश्वर है।

# संपादकीय

## प्रयासों का फल

मोदी सरकार के प्रयासों के फल स्वरूप आज 99 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण बस्तियां ग्रामीण सड़कों से जुड़ गई हैं। 2014 से 2024 के बीच 3.74 लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया। सड़कों का विस्तार, निर्माण ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को उठाने में अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया है। मोदी सरकार के कार्यकाल का अधिक विश्लेषण किया जाए तो मोदी सरकार का लक्ष्य स्पष्ट होता है। मोदी जी की नीतियों व लक्ष्यों में 2047 तक विकसित भारत बनना स्पष्ट दिखाई दे रहा है, या दूसरे शब्दों में कहा जाए तो मोदी सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को सामने रखकर तप कर रही है। इस विकास यात्रा में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास शामिल है। इस विकास यात्रा का मार्ग एक-एक मतदाता के विकास से समग्र भारत के विकास की ओर जाता है। कोई भी मतदाता चाहे कितना भी पीछे क्यों ना हो उसे पकड़-पकड़ कर विकास यात्रा का सहभागी बनाया जा रहा है। डॉक्टर बी.आर. अंबेडकर के संविधान की भावना भी यही है तो पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का सिद्धांत भी यही है। मोदी वास्तविक तौर पर एक-एक मतदाता के वोट के ऋण को ब्याज समेत उतार रहे हैं। मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए जाने के जनता के निर्णय को सही सिद्ध कर रहे हैं। बजट में एक-एक मतदाता की उन्नति का समग्र प्रयास किया गया है। युवा हो, महिला हो, शहरी हो, ग्रामीण हो, सेवादाता हो, सेवाकर्ता हो, किसान हो, व्यापारी हो ,मजदूर हो, शासकीय सेवक हो, अशासकीय सेवक हो, स्वयं का रोजगार धारक हो, प्रशिक्षित हो, अप्रशिक्षित हो सभी की भागीदारी विकास यात्रा में सुनिश्चित की गई है।

मोदी ने सार्वजनिक सभाओं में मतदाताओं से वायदा किया था, एक-एक मतदाता को अपने कार्यकाल का हिसाब दूंगा। एक-एक वोट का ऋण उतारुंगा ।

# बजट आंकडों की बाजीगरी

अखिलेश जैन।।

आमतौर पर सभी देशों में बजट को आंकडों की बाजीगरी माना जाता है लेकिन हमारे देश में वर्ष 2013-14 के 16,65,297 करोड़ रुपए के बजट से वर्ष 2024-25 में 50,65,345 करोड़ रुपए के बजट तक की यात्रा कोई आंकड़ों का खेल नहीं है। इसके पीछे के मर्म को समझाना पड़ेगा तभी बजट के साथ न्याय होगा । 2014 के चुनाव में मोदी ने सार्वजनिक सभाओं में मतदाताओं से वायदा किया था, एक-एक मतदाता को अपने कार्यकाल का हिसाब दूंगा। एक-एक वोट का ऋण उतारूंगा । मोदी की गारंटी, गारंटी पूरा होने की गारंटी है। मोदी के काम करने का रास्ता अंत्योदय से विकसित भारत की तरफ जाता है। मोदी जी के दिल में वर्षों से उपेक्षित, शोषित, पीड़ित वर्ग और घरों में कैद देश की आधी आबादी के लिए दर्द उन्हें मजबूर करता है कि विकसित भारत का रास्ता अंत्योदय से निकाला जाए, इस बात को स्वयं मोदी जी सार्वजनिक मंचों से कह चुके हैं कि – जिन्हें कोई नहीं पूछता मोदी उन्हें पूछता है-और पूजता भी है।

प्रधानमंत्री ही संगठन व सरकार के नेता होते हैं। संगठन की अपनी प्राथमिकताएं और उद्देश्य होते हैं। संगठन की अपनी विचारधारा होती है। जिसके बल पर संगठन का निर्माण होता है।



इसी प्रकार सरकार की अपनी प्राथमिकताएं, उद्देश्य व लक्ष्य होते हैं और प्रधानमंत्री को सामंजस्य बनाकर धैर्य पूर्वक लक्ष्य की तरफ अग्रसर होना पड़ता है। प्रधानमंत्री के पूरे कार्यकाल का, गुजरात के मुख्यमंत्री पद से आज तक का अगर विश्लेषण किया जाए तो साफ- साफ समझ में आता है कि गरीबों, शोषित व महिलाओं के लिए जो दर्द है वही शासन की नीतियों का केंद्र बिंदु है, इसमें कोई जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद हावी नहीं हो पता है। तभी तो प्रधानमंत्री कहते भी हैं तुष्टीकरण नहीं पूर्ण संतुष्टीकरण।

पहले विश्व में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था, 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, फिर विकसित भारत। यह सारी चुनौतियां प्रधानमंत्री ने स्वयं ही स्वयं के लिए खड़ी की हैं । भारत के इतिहास में शायद मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं , जो स्वयं लक्ष्य निर्धारित कर अपने लिए चुनौतियां खड़ी करते हैं और फिर लक्ष्य को निश्चित समय अवधि में हासिल करने के लिए रात – दिन एक कर देते हैं। मोदी जी को मालूम है वह भारत के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री क्यों बनाए गए हैं ? देश की जनता को भरोसा है कि मोदी ही भारत को विकसित भारत बना सकते हैं । मोदी ही आज की युवा पीढ़ी को उन्नत, सुरक्षित, समृद्ध भारत प्रदान कर सकते हैं। राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, वैश्विक परिदृश्य कुछ भी हो, हर हाल में मोदी को जनता का भरोसा कायम रखना है। मोदी नारे, वादों या लंबे-लंबे भाषणों से सरकार नहीं चलाते, मोदी जी धरातल पर काम करके दिखाते हैं। तभी तो एक दशक की केंद्र सरकार में मुखिया बनने के बाद 17.92 करोड़ नौकरियां पैदा की। बुनियादी ढांचे को विश्व स्तरीय बनाने में खर्च होने वाले प्रत्येक एक करोड़ की धनराशि पर 200 से 250 मानव वर्ष का रोजगार उत्पन्न किया गया है। यूपीए सरकार की नीति थी, उधार का घी पियो। जिसके परिणाम स्वरुप चालू खाता घाटा और मुद्रास्फीति 9.3 प्रतिशत बढ़ गई थी, दूसरी तरफ मोदी सरकार में कोरोना महामारी, रूस यूक्रेन युद्ध के बावजूद देश की जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत अनुमानित है, जो विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था में शीर्ष पर है।

### अष्ट्योग-4885

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 5 | | 7 | | |
| | 28 | 1 | 36 | 2 | 30 | 4 |
| 2 | 3 | | | 6 | | |
| | 33 | 2 | 34 | 3 | 29 | 6 |
| 4 | 5 | | 7 | | 2 | |
| | 33 | 7 | 37 | | 33 | |
| 1 | | | 4 | 5 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्ट्योग 4884 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 |
| 5 | 38 | 3 | 32 | 1 | 27 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 3 | 30 | 2 | 40 | 7 | 32 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 24 | 1 | 36 | 4 | 30 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### बचत पर असर

**मोहन।** एक देश- एक कर, जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू सामानों की कीमत में आई कमी का घरेलू बचत पर असर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जिसके परिणाम स्वरुप घरेलू बचत में लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, वित्तीय वर्ष 2014 में 3.5 लाख रुपए से कम आय वाले 36.3 प्रतिशत व्यक्तिगत आयकर दाता उच्च आय वर्ग में चले गए हैं। जिनमें से 15.3 प्रतिशत, 3.5 से 5 लाख व 5 से 10 लाख रुपए वार्षिक आय वर्ग समूह में चले गए हैं और 4.2 प्रतिशत आयकर दाता 10 से 20 लाख रुपए वार्षिक आय वर्ग समूह में चले गए हैं । यही है मोदी के अंत्योदय की ताकत। यही है पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय की ताकत। भाजपा व कांग्रेस की सोच में ही बुनियादी फर्क है। 1996 में जब श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी थी, तब एनपीए 16 प्रतिशत था, 2004 में जब वाजपेयी जी ने सत्ता छोड़ी तो एनपीए घटकर 7.8 प्रतिशत पर आ गया अर्थात एनडीए सरकार में एनपीए में 8.2 प्रतिशत की कमी आई।





## दीपिका कक्कड़ सेलिब्रिटी मास्टरशेफ छोड़ रमजान में घर पर पका रहीं पकवान

एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ लंबे समय पर्दे से गायब थीं। और जब लौटीं तो सीधे सेलिब्रिटी मास्टरशेफ से। शुरुआथ में लगा कि मेकर्स उन्हें ही शो जिताएंगे लेकिन ऐसा कुछ होता, उसके पहले ही एक्ट्रेस ने शो छोड़ दिया। और अपने हाथ में लगी पुरानी चोट और हो रहे दर्द को इसके पीछी की वजह बताई। मगर अब उनका लेटेस्ट व्लॉग सामने आया है, जहां वह खाना पका रही हैं और एकदम ठीक हैं। जिसके बाद उनकी जमकर आलोचना हो रही है। दीपिका कक्कड़ ने यूट्यूब चैनल पर अपना लेटेस्ट व्लॉग अपलोड किया जिसमें वह रमजान के महीने में पकवान बना रही हैं। फैंस के साथ उन्होंने कुकिंग अपडेट्स भी शेयर किए। जहां वह बिना स्लिंग के साथ दिखाई दीं। इफ्तार के लिए पुलाव और कुछ स्पेशल पिज्जा बना रही थीं। और दोनों हाथ का इस्तेमाल कर रही थीं। दीपिका कक्कड़ ने जब सेलिब्रिटी मास्टरशेफ से बाहर निकलने का ऐलान किया था तो उन्होंने बताया था कि उन्हें बिस्तर पर आराम करने की सलाह दी गई थी। लेकिन, जब उनके बाहर निकलने के कुछ दिनों बाद उन्हें घर पर खाना बनाते हुए देखा गया तो लोग दंग रह गए। कुछ यूजर्स ने एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक ने पूछा, आपके कंधे का दर्द क्या हुआ? जादुई तरीके से गायब हो गया? दूसरे यूजर ने उन पर आरोप लगाते हुए लिखा, आप दर्द में नहीं दिखतीं...हाथ का दर्द तो बस मास्टरशेफ से बाहर आने का बहाना था।

## आग लगा दी... आकांक्षा पुरी पर चढ़ा भांग का ऐसा रंग

भोजपुरी गीत–संगीत और सितारों की धमक अब बढ़ते हुए बॉलीवुड तक पहुंच गई है। यही कारण है कि जहां कभी अमिताभ बच्चन से लेकर हेमा मालिनी जैसे सुपरस्टार्स भोजपुरी फिल्मों में काम किया था, वहीं अब भोजपुरी संगीत की दुनिया में भी बॉलीवुड के दिग्गज हाथ आजमा रहे हैं। इसी कड़ी में मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर अनु मलिक ने सुपरस्टार नीलकमल सिंह और सेंसेशनल आकांक्षा पुरी के साथ नया होली गाना आग लगा दी रिलीज किया है। यूट्यूब पर टी सीरीज के ऑफिशियल चैनल पर इस गाने को शुक्रवार को ही रिलीज किया है। खबर लिखे जाने तक 6 घंटे में इस गाने को 4.14 लाख से अधिक बार देखा और सुना जा चुका है। गाने को नीलकमल सिंह, अनु मलिक और अनमोल मलिक ने गाया है। आग लगा दी... अनु मलिक का तकिया–कलाम है, जो वह अक्सर बोलते हैं। गाने का टाइटल यही है और यह दमदार है। लेकिन इस गाने में मजमा लूटा है आकांक्षा पुरी ने। गाने के बोल के लिहाज से वह भांग के नशे में मदहोश हैं और गोरी कमरिया से रंग जमा रही हैं।

## अंकिता ने कपल काउंसलिंग की बात छेड़ी, विक्की का रिएक्शन चौंकाने वाला



अंकिता लोखंडे और विक्की जैन अक्सर अपने रिश्तों के कारण खबरों में छाए रहते हैं। पहले दोनों बिग बॉस 17 में दिखाई दिए थे। वहीं, अब इनको लाफ्टर शेफ्स 2 में देखा जा रहा है। कपल को दोनों ही शो में अक्सर एक–दूसरे से नाराज होते या फिर लड़ते हुए देखा गया है। अब तो ये दोनों अपने व्लॉग में भी झगड़ा करते हुए पाए गए हैं। हाल ही में ये दोनों इंदौर पहुंचे थे। जहां अंकिता लोखंडे की मुलाकात अपनी कजन से हुई। अंकिता ने इन सबके बीच कपल काउंसलिंग की बात छेड़ दी, जिससे विक्की जैन बुरी तरह चिढ़ गए। अंकिता लोखंडे अपनी मौसियों और मम्मी के साथ इंदौर के छप्पन पहुंची थीं। वहीं उनकी कजन मिली, जो कि एक काउंसलर है। अब एक्ट्रेस ने विक्की से कहा कि बेबी हमें एक काउंसलर मिल गई, नीति दी हमारी काउंसलिंग करेंगी। यही सुनकर विक्की चिढ़ गए और बोले, हमें नहीं सिर्फ तुम्हें जरूरत है काउंसलिंग की। विक्की जैन की बात पर अंकिता का भी पारा हाई हो गया। उन्होंने नाराज होते हुए कहा, श्यही परेशानी है विक्की की, ये सोचता है कि ये परफेक्ट है, लेकिन ऐसा नहीं है विक्की। फिर उनके पतिदेव भी चुप नहीं रहे। उन्होंने पलटकर जवाब दिया, श्मैं खुद को परफेक्ट नहीं मानता हूं, लेकिन मुझे लगता है कि मेरा दिमाग सही है।

# सुहाना खान और अगस्त्य नंदा की डिनर डेट पर चर्चा बढ़ी




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*सुपरस्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान कथित बॉयफ्रेंड और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के साथ डिनर डेट पर गईं। लेकिन ये डेट एक खास मेहमान की वजह से काफी दिलचस्प हो गई। इस कथित कपल को श्वेता बच्चन के साथ मुंबई में डिनर आउटिंग करते हुए देखा गया। तीनों के एक मशहूर रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं।*

**शरमाती दिखीं सुहाना खान**

वीडियो में अगस्त्य और उनकी मां श्वेता रेस्टोरेंट से बाहर निकलते और अपनी कार में बैठते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि सुहाना अपनी कार का इंतजार करती नजर आ रही हैं। इस पल को जब पपाराजी ने कैद किया, तो सुहाना शरमाती और मुस्कुराती नजर आईं।

**सुहाना और अगस्त्य फिर डेट पर!**

सुहाना ने खूबसूरत वाटर कलर प्रिंट वाली साटन ड्रेस पहनी थी। उनके आउटफिट को एक नाजुक गोल्डन ब्रेसलेट और एक ठाठ बेज हैंडबैग ने पूरा किया। ऐसा लग रहा था कि सुहाना जानबूझकर अगस्त्य के साथ फोटो खिंचवाने से बच रही थीं।

**सुहाना खान, श्वेता नंदा और अगस्त्य**

इस बीच, अगस्त्य ने रेस्टोरेंट से बाहर निकलते समय एक स्टाइलिश अंदाज में कदम रखा। उन्होंने सफेद टी–शर्ट और नीली डेनिम जींस के साथ बेज जैकेट पहना हुआ था। वह अपनी मां श्वेता का हाथ थामे रेस्टोरेंट से बाहर निकले। श्वेता ने एक सफेद डबल ब्रेस्टेड ब्लेजर पहना हुआ था, जो एक सफेद टॉप के ऊपर फिट था।





**इस फिल्म में थे अगस्त्य और सुहाना**

सुहाना और अगस्त्य ने जोया अख्तर की ओटीटी फिल्म द आर्चीज से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसमें खुशी कपूर, वेदांग रैना, मिहिर आहूजा, डॉट और युवराज मेंडा भी थे। 2023 में रिलीज होने वाली द आर्चीज एक टीन म्यूजिकल कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म द आर्चीज का लाइव–एक्शन वर्जन है, जो एक रॉक बैंड है और 1960 के एनिमेटेड कार्टून द आर्ची शो में दिखाई दिया था।

**छाई हैं डेटिंग की खबरें**

पिछले कुछ समय से उनकी डेटिंग की अफवाहें भी इंटरनेट पर छाई हुई हैं। उन्हें अक्सर साथ देखा जाता है। हालांकि, उन्होंने अभी तक अपने रोमांस की पुष्टि नहीं की है लेकिन उनके अक्सर साथ दिखने से फैंस के बीच खूब बातें होती हैं।

# निक जोनस और फैमिली संग डिनर पर गईं प्रियंका चोपड़ा

*प्रियंका चोपड़ा हाल ही निक जोनस, बेटी मालती और फैमिली के साथ डिनर पर गईं। उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं और मालती ने सबका ध्यान खींच लिया। जहां निक जोनस खाने में मशगूल दिखे, वहीं मालती फोन में बिजी नजर आईं। तस्वीरों पर यूजर्स के मजेदार रिएक्शन हैं।*



प्रियंका चोपड़ा हाल ही पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ फैमिली डिनर के लिए गईं। लेकिन इस दौरान मालती की हरकतों ने ध्यान खींच लिया। टेबल पर जहां निक जोनस, प्रियंका और बाकी लोग बाते करनें और खाने में बिजी थे, वहीं मालती फोन में बिजी दिखीं। 3 साल की मालती फोन पर अपना फेवरेट कार्टून देख रही थी, और उसी में खोई थी। प्रियंका की इस फैमिली डिनर डेट की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

**फोन में बिजी दिखीं बेटी मालती**

फैंस नन्ही मालती पर भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। प्रियंका, निक और मालती की ये तस्वीरें न्यू यॉर्क के एक रेस्टोरेंट की हैं, जिन्हें एक फैन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। एक तस्वीर में प्रियंका और निक बार के पास खड़े हैं, और स्माइल कर रहे हैं।

**यूजर्स के मजेदार कमेंट्स**

दूसरी तस्वीर में जहां निक जोनस खाना खाते दिखे, वहीं मालती दुनिया से बेफिक्र होकर फोन में कार्टून देखने में बिजी हैं। एक तस्वीर में प्रियंका के ससुर यानी निक जोनस के पापा पॉल केविन जोनस भी नजर आए। इन तस्वीरों पर फैंस के काफी कमेंट आ रहे हैं। एक ने लिखा है, मालती कितनी क्यूट लग रही है। एक और कमेंट है, कितनी प्यारी फैमिली है, एक साथ सब इंजॉय कर रहे हैं। एक अन्य फैन का कमेंट है, श्मेरी जान प्रिंसेस मालती।

**निक को सपोर्ट करने पहुंची थीं प्रियंका और मालती**

इससे पहले प्रियंका बेटी मालती के साथ निक जोनस के आने वाले शो द लास्ट फाइव ईयर्स को सपोर्ट करने पहुंचे थे। निक इस शो से अपना ब्रॉडवे डेब्यू कर रहे हैं। यह 18 मार्च को रिलीज होगा। वहीं, प्रियंका की बात करें, तो वह हॉलीवुड फिल्म द ब्लफ में नजर आएंगी। इसके अलावा वह हेड्स ऑफ स्टेट में भी दिखेंगी।

# शराब के कितने पैग पीना खतरनाक है?

*क्या आप शराब पीने के शौकीन है, क्या आप सोचते हैं कि लिमिट में शराब पीने से कुछ नहीं होता, क्या आप हफ्ते या महीने में एक बार पैग लगाते हैं तो इस आर्टिकल को जरूर पढ़ें। इसमें बताया गया है कि शराब की कितनी मात्रा खतरनाक होती है, जिसे खुद वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने बता रखा है।*



**शराब का कोई लेवल नहीं है सेफ**

विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि एल्कोहॉल पीने के नुकसान और असर के बारे में सालों से रिसर्च हो रही है और इनके पुख्ता निष्कर्ष भी निकल चुके हैं। शराब की सेफ लिमिट के मामले में हमने देखा कि इसकी कोई सीमा सुरक्षित नहीं है। शराब की एक बूंद भी उतना ही नुकसानदायक है, जितनी 10 पैग खतरनाक है। इसलिए आपको इसका सेवन तुरंत बंद कर देना चाहिए।

**7 तरह के कैंसर का खतरा**

एल्कोहॉल एक टॉक्सिक, साइकोएक्टिव और लत लगाने वाला पदार्थ है। कई दशकों पहले ही इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर इसे ग्रुप 1 कार्सिनोजेन ग्रुप में डाल चुकी है। यह कैंसर करने वाले पदार्थों का सबसे खतरनाक समूह है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक एल्कोहॉल अकेले दम पर कम से कम 7 तरह के कैंसर कर सकती है। जिसमें सबसे आम बॉवल कैंसर और फीमेल ब्रेस्ट कैंसर है।

**हफ्ते में इतनी दारू भी खतरनाक**


डब्ल्यूएचओ यूरोपियन रीजन ने देखा कि शराब से होने वाले कैंसर के आधे मामले कम या मॉडरेट एल्कोहॉल पीने वालों के हैं। जो बताता है कि एक हफ्ते में 1.5 लीटर वाइन, 3.5 लीटर बीयर या 450 उस एल्कोहॉल से कम शराब पीना भी खतरनाक साबित हो सकता है।

**कैंसर, हार्ट डिजीज का खतरा**

विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि ऐसी कोई लिमिट नहीं है, जहां तक पीने से इसके खतरनाक असर से बचा जा सके। कोई शोध नहीं कहता है कि कम पीने से कार्डियोवैस्कुलर डिजीज या टाइप 2 डायबिटीज का खतरा कम हो सकता है। हां, यह जरूर है कि आप एक बूंद से जितना ज्यादा एल्कोहॉल पीएंगे, खतरा उतना ज्यादा बढ़ता जाएगा।

**किसी तरह की शराब ना पीएं**

कुछ लोगों के मन में यह बात घर कर चुकी है कि वाइन से शरीर को नुकसान नहीं होता। कुछ गर्मी में बीयर पीना अच्छा मानते हैं। लेकिन डब्ल्यूएचओ यहां भी पूरी तरह नकार देता है और कहता है कि ड्रिंक के प्रकार, कीमत और क्वालिटी से कोई मतलब नहीं है। असली खतरा उसके अंदर मौजूद एल्कोहॉल (एथेनॉल) है, जो बायोलॉजिकल मैकेनिज्म पर प्रभाव डालकर कैंसर की वजह बन सकता है।



## इम्यूनिटी हो सकती है कमजोर इन तरीकों से मेंटल और फिजिकल हेल्थ रहेगी बढ़िया

मौसम बदल रहा है। गर्मियां आने लगी हैं और सर्द हवाओं का दौर भी खत्म हो गया है। जब हम स्वस्थ रहने की बात करते हैं, तो यह समझना जरूरी है कि मौसम में बदलाव हमारे शरीर को कैसे प्रभावित करते हैं।
डॉक्टर के अनुसार, मौसम में बदलाव से होने वाले असर से बचने के लिए सही डाइट, रेगुलर एक्सरसाइज और पर्याप्त नींद जरूरी है। आपको यह समझना जरूरी है कि मौसम में बदलाव शरीर और मन पर क्या असर डालते हैं और हम इससे कैसे बच सकते हैं। डॉक्टर के अनुसार, मौसम बदलने से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं। सर्दियों में धूप की कमी से सेरोटोनिन का स्तर कम हो सकता है, जिससे डिप्रेशन या सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सेरोटोनिन और मेलाटोनिन हार्मोन हमारे मूड और नींद को नियंत्रित करते हैं। ठंड के मौसम में शरीर वायरल संक्रमण (जैसे सर्दी–खांसी) से लड़ने पर ज्यादा ध्यान देता है। गर्मी के मौसम में बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए शरीर की इम्यून सिस्टम एक्टिव रहता है। इससे थकान और कमजोरी हो सकती है क्योंकि मौसम में बदलाव से शरीर को नए माहौल में ढलने में समय लगता है, जिससे थकान महसूस हो सकती है। इसके अलावा पाचन समस्याएं हो सकती हिं क्योंकि मौसम बदलने से आंतों में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया का संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे पेट की समस्याएं हो सकती हैं।

# ग्रेड 3 से भी ठीक हो सकता है फैटी लिवर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

*जीवनशैली और खाना बिगड़ने की वजह से कई सारी ऐसी दिक्कतें आम हो गई हैं, जो पहले बहुत कम देखने को मिलती थी। ऐसी ही एक हेल्थ कंडीशन फैटी लिवर है, जो बच्चों में भी देखने को मिल रहा है। इसे इग्नोर करने की गलती ना करें, यह खतरनाक साबित हो सकता है और लिवर कैंसर की शुरुआत बन सकता है।*



**2 आटे की रोटी खाने की सलाह**

अगर आपको ग्रेड 1, ग्रेड 2 या ग्रेड 3 का फैटी लिवर हो गया है तो घबराने की कोई जरूरत नहीं है। होम्योपैथी डॉ. रेखा सरोहा ने कहा कि लाइफस्टाइल में छोटे–छोटे बदलाव करके इस समस्या को दूर किया जा सकता है। यह लिवर को फिर से हेल्दी बनाने में मदद कर सकते हैं।

**इन चीजों को खाना कर दें बंद**

डॉक्टर ने बताया कि सबसे पहला काम शराब का सेवन बंद करना है। यह लिवर पर फैट चढ़ा सकता है। इसके साथ फैट वाले फूड को भी कम कर दें और गंदे फैट वाली चीजों से दूरी बनाएं। रिफाइंड ऑयल या फूड का सेवन नहीं करना है।

**कच्चा खाना**

छोड़ने के साथ यह भी मायने रखता है कि क्या खाया जाए। इसके लिए डॉक्टर ने कहा कि जितना हो सके कच्चे खाने लायक फूड खाएं। जिनमें फल खासतौर से सेब, सलाद, सब्जियों का सलाद, नट्स आदि शामिल हैं।



**किस आटे की रोटी खाएं?**

भारत में ज्यादातर गेहूं की रोटी खाई जाती है, लेकिन तीनों टाइम गेहूं की रोटी न खाएं। इसकी जगह ज्वार, रागी के आटे की रोटी खा सकते हैं। इनमें काफी फाइबर होता है, जो लिवर के लिए बहुत ज्यादा अच्छा होता है।

**पेट भरकर ना खाएं**

पेट को पूरी तरह से भरने से बचें और ओवरईटिंग ना करें। अगर आपको तीन रोटी की भूख है तो दो ही रोटी खाएं। पेट का थोड़ा सा हिस्सा खाली रखना चाहिए। खाना हमेशा जल्दी खाना चाहिए ताकि लिवर पर किसी भी तरह का तनाव ना पड़े।


**एक्सरसाइज का रखें ध्यान**

फैटी लिवर से छुटकारा पाने के लिए एक्सरसाइज करनी चाहिए। इन टिप्स से किसी भी तरीके का फैटी लिवर हो, चाहे 1,2,3 ग्रेड क्यों ना हो, उसे रिवर्स किया जा सकता है। यह टिप्स लिवर को हेल्दी बनाने के लिए बेहद असरदार साबित हो सकते हैं।

## फिजिकल ओर मेंटल हेल्थ के लिए कीजिए कलर वॉक

कलर वॉक कैसे करें? जब आप किसी विशेष रंग पर ध्यान केंद्रित करते हुए चलते हैं तो आपका दिमाग सक्रिय रहता है और आप अपने प्रकृति से ज्यादा जुड़ाव महसूस करते हैं। यह बात न केवल हमारे फोकस और माइंडफुलनेस को बढ़ाती है बल्कि हमारे शरीर को भी एक्टिव रखती है। नियमित रूप से कलर वॉक करने से आपका तनाव कम होता है और मानसिक स्पष्टता मिलती है। आइए जानते हैं इस वॉक को करने का सही तरीका और इसके फायदे। (चिवजव ब्तमकपज)रूपैजवबा
कलर वॉक का सबसे बड़ा फायदा है कि यह तनाव को कम करने में असरदार है। जब हम किसी एक रंग को चुनकर उस पर अपना पूरा ध्यान लगाते हैं तो हमारा दिमाग सिर्फ वर्तमान के क्षण में रहता है। जिससे एंग्जायटी और स्ट्रेस की समस्या कम होती है। ना हम पास्ट के बारे में सोचते हैं ना फ्यूचर के बारे में। यह माइंडफूलनेस का एक बेहतरीन अभ्यास है यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। यदि आप किसी क्रिएटिव फील्ड में है जैसे कि लिखना, पेंटिंग या डिजाइनिंग तो कलर वॉक करके आप अपनी क्रिएटिविटी को बढ़ावा दे सकते हैं। जब आप किसी विशेष रंग पर ध्यान देते हैं तो आपके दिमाग में नए पैटर्न और डिजाइंस उभरने लगते हैं।

## हर 10 में से 1 महिला को बवासीर की समस्या, पा सकते हैं छुटकारा



बवासीर में मलद्वार या लोअर रेक्टम की नसों में सूजन आ जाती है। मायोक्लीनिक के मुताबिक यह कुछ–कुछ वेरीकोज वीन्स की तरह होती है। कई लोगों को इससे छुटकारा पाने के लिए चीरा लगवाना पड़ सकता है। लेकिन अगर आप लाइफस्टाइल सुधार लें तो इससे राहत पा सकते हैं। डॉ. निधि चौधरी ने कहा कि हर 10 में से एक महिला को बवासीर की समस्या होती है। लेकिन शर्म की वजह से वो किसी से इस बारे में बात नहीं करती हैं और इलाज भी नहीं कर पाती हैं। जिसकी वजह से स्थिति खतरनाक बन सकती है और आगे दर्दनाक तकलीफ हो सकती हैं। लोअर रेक्टम में प्रेशर बढ़ने के कारण यह समस्या होती है। इसकी वजह से मल को निकालने में काफी दिक्कत होती है। इसके साथ खून भी आ सकता है। जिसे खूनी बवासीर के नाम से जाना जाता है। डॉक्टर का कहना है कि कुछ महिलाएं वजन कम करने के लिए डाइटिंग पर चली जाती हैं। इसके लिए कार्ब्स देने वाले फूड्स का सेवन कम कर देती हैं। इसके कारण हफ्ते में दो से तीन बार पॉटी आ सकती है, जिसकी वजह से कब्ज हो सकती है। हेल्दी कार्ब्स और फाइबर के लिए आप हरी पत्तेदार सब्जियां, नट्स, सीड्स, चिया सीड्स, पपीता आदि का सेवन कर सकते हैं।



## नो बॉल का ध्यान रखें

भारत को पाकिस्तान से मिली हार में नो बॉल का भी रोल था। जसप्रीत बुमराह ने फखर जमान को आउट कर दिया था लेकिन वह नो बॉल थी। इसके बाद फखर ने शतक लगा दिया। इस बार गेंदबाजों को कोई ऐसी गलती करने से बचना होगा। अगर ऐसा हुआ तो जीत हासिल करना आसान नहीं होगा।

## वो गलतियां जिसने 2017 में फाइनल हरवा दिया था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला खेलने के लिए तैयार है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर 9 मार्च को यह मैच खेला जाएगा। पिछली चौंपियंस ट्रॉफी 2017 में खेली गई थी। तब विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी। वहां पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने मैच में एक के बाद एक गलतियां की। नतीजा ये रहा कि टीम को हार झेलनी पड़ी। भारत को इस बार उन गलतियों से बचना पड़ेगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में भारत की हार की सबसे बड़ी वजहों में एक कप्तान विराट कोहली का गलत फैसला था। पाकिस्तान के खिलाफ विराट ने टॉस जीतने के बाद गेंदबाजी करने का फैसला किया। बाद ने टीम मैनेजमेंट ने माना कि टॉस के बाद गलत फैसला लिया गया। इस बार अगर रोहित शर्मा टॉस जीतते हैं तो फैसले सही लेना होगा। भारतीय बल्लेबाजी की ताकत हमेशा से टॉप–3 बल्लेबाज रहे हैं। इसमें से किसी एक का लंबी पारी खेलना जरूरी होता है। 2017 के फाइनल में रोहित, विराट और धवन जल्द आउट हो गए थे। इस बार धवन की जगह गिल खेल रहे हैं। इन तीन में से किसी एक को पिच पर टिककर इस बार बड़ी पारी खेलनी पड़ेगी।

# भारतीय ड्रेसिंग रूम को पता है उसकी कीमत

क्रिकेट

## रवींद्र जडेजा की जरूरत को लेकर गौतम गंभीर का बड़ा बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर ने रविंद्र जडेजा की तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय ऑलराउंडर हमेशा रडार से दूर रहता है। गंभीर ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल से पहले भारतीय ड्रेसिंग रूम को ऑलराउंडर की असली कीमत पता है। जडेजा 2009 में अपने डेब्यू के बाद से ही भारतीय टीम का अहम हिस्सा रहे हैं। 36 साले जडेजा 2013 में जब भारत ने आखिरी बार चौंपियंस ट्रॉफी जीती थी, तब प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। उन्होंने बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन किया था। मौजूदा टूर्नामेंट में जडेजा गेंद से अहम भूमिका निभा रहे हैं और निचले क्रम में उम्दा रहे हैं।

आईसीसी से बात करते हुए गंभीर ने कहा कि इस ऑलराउंडर को कम आंका गया है और कहा कि वह भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। भारतीय हेड कोच का मानना है कि जडेजा इस समय वर्ल्ड क्रिकेट के शीर्ष ऑलराउंडरों में से एक हैं और ड्रेसिंग रूम उनकी अहमियत समझता है।



गंभीर ने कहा, मुझे हमेशा लगता है कि रवींद्र जडेजा हमेशा से ही चर्चा में रहे हैं। मुझे लगता है कि वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके बारे में हम बहुत ज्यादा नहीं बोलते। देखिए उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए क्या किया है। चाहे टेस्ट फॉर्मेट हो, टी20 फॉर्मेट हो या 50 ओवर का फॉर्मेट। मुझे लगता है कि वह भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

हेड कोच ने आगे कहा, उन्होंने जो किया है, वह बहुत महत्वपूर्ण है। सिर्फ बल्ले या गेंद से ही नहीं, बल्कि मैदान में भी। मुझे लगता है कि वह वर्ल्ड क्रिकेट के शीर्ष ऑलराउंडरों में से एक हैं। ड्रेसिंग रूम में हम रवींद्र जडेजा की अहमियत जानते हैं।

जडेजा भारत के लिए अहम खिलाड़ी रहे हैं, खास तौर पर बीच के ओवरों में। ऑलराउंडर ने 4 मैच में सिर्फ 4 विकेट लिए हैं, लेकिन उनका इकॉनमी 4.78 है जो टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ है। बल्ले से जडेजा ने सिर्फ 18 रन बनाए हैं, लेकिन भारत को उनकी बहुत जरूरत नहीं पड़ी है क्योंकि उनके पास बहुत ज्यादा गहराई है।

# आपस में ही भिड़ रहे पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज ने 1990 और 2000 के दशक के क्रिकेट सितारों की विरासत पर सवाल उठाए। इस पर वकार यूनिस ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी। हफीज ने कहा कि ये सितारे आईसीसी ट्रॉफी जीतने में नाकाम रहे और अगली पीढ़ी को प्रेरित नहीं कर पाए। वकार ने अपने और वसीम अकरम के आंकड़े शेयर कर हफीज को जवाब दिया। इस बीच, पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खराब प्रदर्शन करके टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

मोहम्मद हफीज ने प्ट्ज स्पोर्ट्स पर एक चर्चा के दौरान 1990 और 2000 के दशक के क्रिकेट सितारों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ये स्टार खिलाड़ी होने के बावजूद आईसीसी इवेंट नहीं जीत पाए। उन्होंने कहा, मैं 1990 के दशक में खेलने वालों का बहुत बड़ा फैंस हूं, लेकिन जब विरासत की बात आती है तो उन्होंने पाकिस्तान के लिए कुछ नहीं छोड़ा। उन्होंने एक भी आईसीसी इवेंट नहीं जीता – वे 1996, 1999 और 2003 के (विश्व कप) हार गए। हम एक फाइनल में पहुंचे और वह भी बुरी तरह हार गए। सितारों के रूप में, खिलाड़ियों के रूप में, वे मेगा सुपरस्टार थे। लेकिन फिर वे एक आईसीसी इवेंट जीतकर हमें प्रेरित नहीं कर सके। फिर एक मुश्किल दौर आया जिससे हमें गुजरना पड़ा और फिर 2007 में हम फाइनल हार गए।

■ हफीज के सवाल पर वकार यूनिस ने दिया करारा जवाब

मोहम्मद हफीज ने पाकिस्तान की 2009 टी20 विश्व कप और 2017 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीमों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 2009 में हम यूनिस खान की कप्तानी में जीते और इसलिए अगली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा थी। फिर दुर्भाग्य से पाकिस्तान क्रिकेट के साथ एक बुरी घटना घटी और हम अभी भी उससे उबर नहीं पाए हैं। फिर हमने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी जीती, वह प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत था। लोग आज बाबर आजम को आदर्श मानते हैं और ऐसा इसलिए है क्योंकि भले ही उन्होंने उस आयोजन में बड़ी भूमिका नहीं निभाई हो, लेकिन वह वहां थे। आईसीसी इवेंट जीतने की बात, यह 1990 के दशक के सुपरस्टार नहीं कर सके, उनकी प्रतिभा के प्रति पूरे सम्मान के साथ। वकार यूनिस ने हफीज के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी।

## मैंने विराट कोहली को छक्का मारने के लिए चिढ़ाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। युवा पाकिस्तानी स्पिनर ने हाल ही में खुलासा किया कि उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को सिक्स मारने के लिए चिढ़ाया था। भारत और पाकिस्तान ने 23 फरवरी को दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के अपने दूसरे ग्रुप स्टेज गेम में आमने–सामने हुए। कोहली ने शानदार शतक बनाया और 100' (111) की पारी खेलकर भारत को छह विकेट से जीत दिलाई। कोहली ने अपनी इस पारी के दौरान स्पिनरों के खिलाफ ज्यादा जोखिम नहीं लिया था, ताकि अबरार अहमद के खतरे को कम किया जा सके, जो स्पिनिंग ट्रैक से अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे। हाल ही में, अबरार अहमद ने कोहली को गेंदबाजी करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि यह सपने के सच होने जैसा पल था। 26 वर्षीय ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने भारतीय बल्लेबाज को छक्का मारने के लिए चिढ़ाया, हालांकि, भारतीय बल्लेबाज नाराज नहीं हुआ।

## न्यूज डायरी



### चेस ग्रैंडमास्टर वैशाली ने संभाला पीएम मोदी का एक्स अकाउंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक्स हैंडल को संचालित किया। यह कदम पीएम मोदी के उस वादे का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि महिला दिवस के मौके पर उनके सोशल मीडिया अकाउंट उन महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। वैशाली ने पीएम के श्एक्सश हैंडल से पोस्ट करते हुए कहा कि वह इस मौके से रोमांचित हैं और देश का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व महसूस करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला दिवस पर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पहले ही एक्स पर एक पोस्ट साझा की थी। उन्होंने लिखा, महिला दिवस पर हम अपनी नारी शक्ति को नमन करते हैं! हमारी सरकार ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम किया है, जो हमारी योजनाओं और कार्यक्रमों में झलकता है। आज, जैसा कि वादा किया था, मेरे सोशल मीडिया अकाउंट उन महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ रही हैं। इस वादे को पूरा करते हुए शनिवार को वैशाली ने पीएम के श्एक्सश हैंडल की कमान संभाली। पीएम के हैंडल से पोस्ट करते हुए वैशाली ने अपने संदेश में लिखा, वणक्कम! मैं वैशाली हूं और मुझे बेहद खुशी हो रही है कि मैं हमारे पीएम नरेंद्र मोदी जी के सोशल मीडिया को संभाल रही हूं, वो भी महिला दिवस पर। जैसा कि आप में से कई लोग जानते हैं, मैं शतरंज खेलती हूं और मुझे अपने प्यारे देश का कई टूर्नामेंट्स में प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है।

### शमा मोहम्मद पर बरसे हरभजन सिंह, रोहित शर्मा का यूं दिया साथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस पर कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद की टिप्पणी के बाद विवाद खड़ा हो गया है। शमा ने एक्स पर हटाए गए एक पोस्ट में रोहित की फिटनेस और नेतृत्व पर सवाल उठाए थे। उन्होंने रोहित को मोटा कहा था। अब इसके बाद भज्जी ने शमा मोहम्मद की जमकर आलोचना की है। भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा, देखिए, कुछ लोग तो उनकी फिटनेस और कप्तानी के बारे में बातें करते रहेंगे। लेकिन मैंने उस महिला से एक सीधा सा सवाल पूछा, जिन्होंने रोहित शर्मा की फिटनेस पर टिप्पणी की थी, कि क्या वह बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) या किसी और संस्था का हिस्सा हैं जहां उन्हें नियमों और फिटनेस की समझ है। खेल में उनकी अपनी उपलब्धियां क्या हैं? उन्होंने आगे कहा, इसलिए, किसी की ओर उंगली करना बहुत आसान है, लेकिन साथ ही, अंगूठा आपकी ओर भी है, इसलिए खुद की भी जांच करें। हरभजन सिंह ने आगे रोहित शर्मा को लेकर कहा, श्लोगों के लिए ये समझना बहुत मुश्किल है कि भारत के लिए खेलना कैसा होता है और एक खिलाड़ी किस तरह के दबाव से गुजरता है– ये सिर्फ वो खिलाड़ी ही जानता है। उसके ऊपर टीम को आगे ले जाने की जिम्मेदारी होती है। लेकिन उसे एक खिलाड़ी के तौर पर अच्छा प्रदर्शन भी करना होता है। रोहित शर्मा बहुत मेहनती और सेल्फलेस इंसान हैं।

### फाइनल में न्यूजीलैंड को बर्बाद कर देंगे वरुण चक्रवर्ती!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेलने के लिए खेलने के लिए तैयार है। 9 मार्च को दोनों टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा। रोहित शर्मा की टीम ने ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल का टिकट कटाया है। दूसरी तरफ कीवी टीम ने साउथ अफ्रीका पर एकतरफा जीत हासिल की। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की टीम बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज मिचेल सेंटनर की कप्तानी में खेल रही है। वह खुद को पार्ट टाइम क्रिकेटर मानते हैं। सेंटनर ने अपने इंस्टाग्राम के बायो पर इस जानकारी डाल रखी है। उन्होंने वहां लिखा है– पार्ट टाइम न्यूजीलैंड क्रिकेटर, फुल टाइम गोल्फर। सेंटनर को गोल्फ खेलने का काफी शौक है। क्रिकेट से जब भी समय मिलता है वह गोल्फ खेलने पहुंच जाते हैं। मिचेल सेंटनर का भारत के खिलाफ दमदार रिकॉर्ड है। 2019 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मुकाबला कोई भी भारतीय फैन नहीं भूल सकता।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### लैंगिक समानता के लिए सामूहिक प्रयास हों: खंडूड़ी

**संवाददाता** देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय ने महिलाओं के लिए समावेशी विश्व बनाने में तेजी लाने की थीम को लेकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूड़ी ने अपने सम्बोधन में लैंगिक समानता के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सच्ची प्रगति तब होती है जब हम बाधाओं को तोड़ते हैं। कैन प्रोटेक्ट फाउंडेशन के सहयोग से एनएसएस सेल द्वारा आयोजित ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर जागरूकता और स्क्रीनिंग कैंप आयोजन का मुख्य आकर्षण था। जिसमें डॉ. रेखा खन्ना और उनकी टीम ने महिलाओं को जागरुक किया। 50 महिलाओं को स्क्रीनिंग से लाभ मिला।

### कीर्तन मंडलियों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। शिमला बाईपास के रतनपुर में शनिवार को महिला दिवस और होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कीर्तन मंडलियों, आशा कार्यकर्ती, समूहों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बुजुर्ग महिलाओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि निवर्तमान प्रमुख सहसपुर सीमा नेगी, विक्रम सिंह रावत, नरेश राणा, भारती चौहान, पूनम पंवार, नरेंद्र राणा, रविंद्र बिष्ट, उम्मेद रावत, कांग्रेस महासचिव राकेश सिंह नेगी, विक्रम रावत, प्रीति, आशा रावत, गौरी कविता, संगीता, सम्पत्ति नेगी समेत अन्य मौजूद रहे।

### सिकल सेल रोग के प्रति लगा जागरूकता कैंप

**संवाददाता** देहरादून। सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता को लेकर नेशनल हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और सार्वजनिक शिक्षा उन्नयन संस्थान की ओर से राज्य के जनपदों पर कैंप में शुरू किए गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को रिस्पना पुल के पास एक होटल में डॉक्टरों की मौजूदगी में कैंप लगाया गया। इस शिविर का शुभारंभ मेयर सौरभ थपलियाल और धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने किया। मेयर सौरभ थपलियाल ने कहा कि लोगों को अपने के स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए। लोगों को अपनी दिनचर्या बदलनी चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।

# मातृशक्ति आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कर रही काम: सीएम

**अभिनन्दन कार्यक्रम**

■ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएम ने डायरेक्ट सेलिंग महिला उद्यमिता समिट 2025 में किया प्रतिभाग

■ सीएम ने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित डायरेक्ट सेलिंग महिला उद्यमिता समिट 2025 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आयी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत की मातृशक्ति प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। सेना, राजनीति, खेल, विज्ञान, कृषि, शिक्षा, उद्योग जैसे अनेक क्षेत्रों में मातृशक्ति द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश की मातृशक्ति के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले लगभग 11 वर्षों में देशभर में 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के जन–धन के बैंक खाते खोले गए। देश में लखपति दीदी योजना के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प पूरा करने के साथ ही 30 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुद्रा योजना के अंतर्गत लोन देकर सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिए देश की संसद ने लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण देने का कानून पास किया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भी महिला सशक्तिकरण के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। सरकारी नौकरियों में राज्य की बेटियों को 30 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देकर हर विभाग में उनका उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख तक का ऋण बिना ब्याज के दिया जा रहा है। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत उत्तराखंड में 01 लाख से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी हैं। वर्ष 2025 पूर्ण होने तक डेढ़ लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार द्वारा 'सशक्त बहना उत्सव योजना' और 'मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना' जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

इस अवसर पर दिल्ली से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति विनय रोहिला एवं डॉ. संजीव कुमार मौजूद थे।

### दून में अग्रवाल समाज ने खेली फूलों की होली

**संवाददाता** देहरादून। अग्रवाल समाज देहरादून की ओर से होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को जीएमएस रोड स्थित होटल सैफरॉन लीफ कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से समां बांधा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी महालक्ष्मी जी की प्रतिमा के सम्मुख अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद नरेश बंसल ने होली शुभकामनाएं दीं। कहा कि होली का पर्व ही एकमात्र ऐसा पर्व है, जिसमें सभी गिले शिकवे कटुता दूर होते हैं और एक दूसरे से गले मिलकर रंग और गुलाल आदि लगाकर बधाई देते हैं, होली का पर्व भाईचारे और आपस में मिलजुल कर रहने का संदेश देता है। इसके बाद कजरी, लठमार और फूलों की होली खेली गई। साधना शर्मा और उनकी टीम के छोटे–छोटे बच्चों ने होलिया में उड़े रे गुलाल, होली के दिन दिल खिल जाते हैं, मारो भर भर के पिचकारी समेत कई प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, विधायक सविता कपूर, विधायक खजानदास, युवा अध्यक्ष सतीश कंसल, महामंत्री संजय कुमार गर्ग, अंजलि आदि मौजूद रहे।


# फ्लाई ओवर सुधारीकरण कार्य पूर्ण, जल्द होंगे जनता को समर्पित

**कार्य गतिमान**

■सड़क सुरक्षा समिति को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर सुधारीकरण कार्य निरंतर जारी

**संवाददाता**

देहरादून। सीएम की प्रेरणा से डीएम सविन बंसल शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार लाने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं, जिसके लिए शहर में पार्किंग एवं यातायात प्रबन्धन हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। डीएम एवं एसएसपी के शहर भ्रमण उपरान्त सड़क सुधार एवं यातायात प्रबन्धन तथा बाजारों जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत निरंतर सुधारात्मक कार्य गतिमान है।



डीएम ने अधिकारियों को न्यायालय द्वारा सड़क सुरक्षा समिति को सुधार हेतु प्रदान की गई असीम शक्तियों तथा आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 में वर्णित शक्तियों का प्रयोग करते हुए सड़क सुधार कार्य किये जाने को निर्देशित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक जीवन अमूल्य है के डीएम के मंत्र के साथ सड़क पर तेज रफ्तार पर ब्रेक के लिए निरंतर सुधार किये जा रहे हैं।

आईएसबीटी क्षेत्र आवागमन हेतु 02 गेट होने के उपरान्त भी 01 गेट से बसों का संचालन किया जा रहा है था, अब ऋषिकेश, हरिद्वार, कोटद्वार व गढवाल तथा कुमाऊ के क्षेत्रों में जाने वाले वाहन का निकास व प्रवेश गेट न0 2 के कट से तथा सहारनपुर, दिल्ली जाने वाले वाहनों का निकास गेट 01 के कट से किये जाने एवं प्रवेश गेट 2 से करने की व्यवस्था बनाई गई है।

आईएसबीटी क्षेत्र के बाहर वाहनों द्वारा यात्रियों को बैठाने तथा उतारने से भी यातायात प्रभावित हो रहा था, जिसे अब बंद करने का निर्णय लिया गया है, वाहन में यात्रियों को बैठाने व उतारने हेतु स्थल निर्धारित किए गए हैं। नियमों का पालन न करने वालों निरंतर कार्रवाई गतिमान है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक यातायात व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है।

वहीं फ्लाई ओवर का कारगी की ओर लेफ्टर्न पूर्ण सुरक्षा उपाय कर लिए गए हैं, अब इसे पब्लिक को समर्पित करने की तैयारी है। आईएसबीटी पर 4 कलर्ड पार्किंग का कार्य पूर्ण हो गया शीघ्र ही जनमानस को समर्पित की जाएगी।

### आंदोलनकारियों को सड़कछाप कहने वाले भट्ट माफी मांगें: धीरेंद्र प्रताप

**संवाददाता** देहरादून। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक और कांग्रेस नेता धीरेंद्र प्रताप ने भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के उस बयान की निंदा की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि गैरसैंण में आंदोलन करने वाले सड़कछाप नेता हैं। धीरेंद्र ने कहा कि उनका यह बयान आंदोलनकारियों का अपमान है, उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। धीरेंद्र ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष और शहादत का ही परिणाम है। आज जिस प्रदेश में वे सत्तारूढ़ पार्टी के अध्यक्ष बने हुए हैं, वह प्रदेश आंदोलनकारियों की ही देन है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से भाजपा नेताओं के जिस तरह के बयान सामने आ रहे हैं, भगवान उनको सदबुद्धि दे। उन्होंने कहा कि पद पर बैठे लोगों को सोच समझकर बयान देना चाहिए। उनके गलत बयानों से समाज में नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### यूथ क्लब जॉलीग्रांट ने जीता उद्घाटन मुकाबला

**संवाददाता** ऋषिकेश। भानियावाला में दो दिवसीय हिमांशु चौहान मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसके उद्घाटन मुकाबले में यूथ क्लब जौलीग्रांट की टीम ने भोगपुर को 2–0 से हराया। शनिवार को भानियावाला जौलीग्रांट में दो दिवसीय हिमांशु चौहान मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी को खेल की भावना से खेलना चाहिए।